सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7206	17.01.2023	20.01.2023	Bilaspur Chhattisgarh	www.zeenews.india.com/Hindi https://zeenews.india.com/hindi/zeesalaam/news/chhattisgarh-school-children-fell-ill-after-consuming-iron-medicine-admitted-to-hospital/1532959
Title:	**School children fell ill after consuming iron medicine and admitted to hospital in Bilaspur, Chhattisgarh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Bilaspur, SSU- Chhattisgarh			

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ज़िले से एक हैरान करने वाली ख़बर सामने आई हैं. ज़िले के रतनपुर में 15 स्कूली छात्र आयरन की दवा खाकर बीमारी की चपेट में आ गए. सभी बच्चों को पेट और सिरदर्द के साथ चक्कर आने की शिकायत है. बच्चों को इलाज के लिए रतनपुर हेल्थ सेंटर में दाख़िल कराया गया है. फिलहाल बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है. सभी बच्चे प्राइमरी शाला सिलदहा के छात्र हैं. जानकारी के मुताबिक़ 75 बच्चों को आयरन की दवा दी गई थी, दवा खाने के बाद 15 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में दाख़िल कराया गया.

75 छात्रों में से 15 बच्चे बीमार

बताया जा रहा है कि स्कूल में हेल्थ प्रोग्राम के तहत सिलदहा प्राथमिक शाला के पहली से पांचवी तक के 75 छात्रों को आयरन और फोलिक एसिड की दवाई दी गई थी. दवा खाने के बाद ही अचानक बच्चों की तबीयत ख़राब होने गई. कई बच्चों को सिर में दर्द और पेट दर्द की शिकायत होने लगी. दवा का सेवन करने वाले 75 छात्रों में से 15 बच्चे बीमार हो गए, जिन्हें फौरन ही अस्पताल में दाख़िल कराया गया. जहां उनका इलाज जारी है. डॉक्टरों की निगरानी में बच्चों का इलाज किया जा रहा है, हालांकि डॉक्टरों ने कहा कि घबराने की कोई बात नहीं है, बच्चों की हालत बेहतर हैं.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

बच्चों की हालत बेहतर: डॉक्टर

वहीं दूसरी जानिब इस मामले की ख़बर मिलते ही रतनपुर तहसीलदार सूर्य प्रकाश केसकर बच्चों की तबीयत की जानकारी लेने के लिए अस्पताल पहुंचें और बच्चों का हालचाल पूछा. बच्चों से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि आयरन की गोली खाने के बाद उनके पेट और सर में दर्द होने लगा था. 15 बच्चियों की हालत ख़राब होने की वजह से उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया, लेकिन जानकारी मिल रही है कि अब तमाम बच्चों की कंडीशन बेहतर है. इस सिलसिले में डॉक्टरों का कहना है कि एसिडिटी की वजह से बच्चों को पेट और सिर दर्द की शिकायत हो सकती है. उन्होंने कहा कि एसिडिटी का इलाज किया गया है.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,

Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India

22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1